**खास-खबरें**

## विस अध्यक्ष का रीवा एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत



**रीवा।** एयरपोर्ट पहुंचने पर मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर का उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मनगवां विधायक इंजी.नरेंद्र प्रजापति, त्यौंथर विधायक श्री सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री 8 मार्च को करेंगे जनजातीय आनंद उत्सव का शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 8 मार्च को शाम 6 बजे जनजातीय आनंद उत्सव का शुभारंभ करेंगे। उत्सव का आयोजन कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जा रहा है। समारोह में प्रवेश निःशुल्क है। समारोह की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में ग्वालियर की नृत्यांगना अपर्णा सराठे शाम 7 बजे कत्थक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद छतरपुर की लोक गायिका कविता शर्मा शाम 7.30 बजे बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी। समारोह में रात 8 बजे कल्याणी मिश्रा बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी। समारोह में उज्जैन की गायिका स्नेहा गहलौत मालवी गीत तथा भोपाल की कलाकार मणिका पाण्डेय बनारसी ठुमरी एवं दादर की प्रस्तुति देंगी। समारोह का समापन रात 9 बजे होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आमजनता से जनजातीय आनंद उत्सव कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की है।

## कलेक्टर मऊगंज ने एसडीओ लोक निर्माण को दिया नोटिस

**रीवा ।** सीएम हेल्पलाइन लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही न करने पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने एसडीओ लोक निर्माण विभाग राजेश श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस में कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग मऊगंज 63 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ सी श्रेणी में है। कई बार निर्देश देने के बावजूद विभाग से संबंधित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण नहीं किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने के कारण विभाग की ग्रेडिंग सी श्रेणी में है। यह पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही तथा अनुशासनहीनता है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करके तीन दिवस में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निर्देशों का पालन न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## पीएम इंटरशिप के लिए कर सकते हैं पंजीयन व आवेदन

**नरसिंहपुर।** पीएम इंटरशिप योजना के तहत जिले के कक्षा 10 वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी इंटरशिप करने के लिए 12 मार्च तक पोर्टल ओपन किया गया है। वे वेबसाइट पर पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। वे ही छात्र- छात्रायें पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं, जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिये। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर ने जिले की गाडरवारा, गोटेगांव, तेंदूखेड़ा व बाबई चीचली के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों से कहा है कि वे पीएम इंटरशिप योजना के तहत विद्यार्थियों का अधिक से अधिक पंजीयन एवं आवेदन करायें।

## गेहूं के विक्रय हेतु किसान 31 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं के विक्रय हेतु पंजीयन कार्य जिले में 20 जनवरी 2025 से किया जा रहा है, जो 31 मार्च 2025 तक किया जाएगा। पंजीयन हेतु तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत आ.जा. सेवा सह.समिति राजेन्द्रग्राम, आ.जा.सेवा सह.समिति बेनीबारी, आ.जा.सेवा सह. समिति जैतहरी, आ.जा.सेवा सह.समिति मझगवां (फुनगा) के फुनगा, आ.जा.सेवा सह. समिति दुलहरा, आ.जा. सेवा सह. समिति अनूपपुर, आ.जा. सेवा सह. समिति पसान के कोतमा तथा आ.जा. सेवा सह. समिति बिजुरी के निगवानी में पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इन पंजीयन केन्द्रों में किसान अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त अनूपपुर जिले में ऑनलाईन सेन्टर भी खुले हैं, जिनमें कॉमन सर्विस सेन्टर मझगवां, कॉमन सर्विस सेन्टर बोड़री, कॉमन सर्विस सेन्टर बुढ़ानपुर, एमपी ऑनलाईन कियोस्क जैतहरी, एमपी ऑनलाईन कियोस्क पसला, कॉमन सर्विस सेन्टर ताराडांड़, एमपी ऑनलाईन कियोस्क मेड़ियारास, कॉमन सर्विस सेन्टर दुलहरा आदि शामिल हैं।

# गेहूं की गुणवत्ता और किसानों को समय पर भुगतान का विशेष ध्यान रखें : प्रमुख सचिव

### किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेहूं का उपार्जन

रीवा

**कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में गेंहू उपार्जन के तैयारियों की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर प्रमुख सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि उपार्जन के समय गेहूं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्धारित एफएक्यू से कम गुणवत्ता का गेहूं अमान्य करें।**




उपार्जित गेहूं का तत्काल उठाव और भण्डारण कराकर स्वीकृति पत्रक जारी करें। किसानों को तीन दिवस में उपार्जित गेंहू का भुगतान देना सुनिश्चित करें। भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में ही दिया जाएगा। परिवहनकर्ताओं तथा सहकारी समितियों को भी समय पर राशि का भुगतान करें। सभी उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारी तैनात कराकर कलेक्टर उपार्जन की कड़ी निगरानी करें।

बैठक में आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए किसानों का 31 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा। संभाग के सभी जिलों में अभी पंजीयन बहुत कम है। जिला आपूर्ति अधिकारी कियोस्क सेंटर को उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की अनुमति तत्काल जारी करें। किसानों को निर्धारित समर्थन मूल्य 2425 रुपए में मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित 175 रुपए बोनस शामिल करके 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन किया जाएगा। व्यापक प्रचार प्रसार करके किसानों का पंजीयन कराएं। पंजीकृत किसानों द्वारा दर्ज रकबे का गिरदावरी के अनुसार राजस्व अधिकारी सत्यापन करें। सत्यापन करने के बाद ही किसान को गेंहू उपार्जन के लिए स्लाट बुक करने की सुविधा मिलेगी। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया, पानी, ठहरने, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बारिश से उपार्जित गेंहू को सुरक्षित रखने के लिए भी समुचित उपाय करें। कलेक्टर उपार्जन की अवधि में प्रतिदिन गेंहू उपार्जन की समीक्षा करें। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्र बनाते समय सरकारी गोदामों को प्राथमिकता दें।

आयुक्त खाद्य ने कहा कि सर्वेयरों को प्रशिक्षण देकर तैनात करें। उपार्जित गेंहू की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक पंजीकृत किसानों के लंबित ऋणों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा दें जिससे उपार्जन के साथ लंबित ऋणों की वसूली भी की जा सके। सभी कलेक्टर गत वर्ष के उपार्जन के आधार पर वर्तमान वर्ष के लिए खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करें। इसके अनुरूप खरीदी केन्द्रों में समुचित बारदाने तथा सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था कराएं। बैठक में संचालक नागरिक आपूर्ति निगम तथा स्टेट वेयरहाउस श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि अभी गेंहू की आवक शुरू नहीं हुई है। मण्डियों में भी गेंहू के दाम घटकर लगभग 2600 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गए हैं। उपार्जन के लिए भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है।

इसलिए गत वर्ष की तुलना में खरीदी केन्द्रों में अधिक गेंहू आने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए खरीदी केन्द्रों में तैयारियाँ करें। संचालक ने कहा कि धान की मिलिंग का कार्य बहुत धीमा है। धान की मिलिंग 15 जून तक शत-प्रतिशत पूरी कराएं। मिलर्स को हाल ही में 15 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। शेष राशि का भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा। बैठक में घरेलू गैस की पाइप से आपूर्ति से जुड़े निर्माण कार्यों में एनओसी तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए।



## राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी रीवा को राज्य स्तरीय प्रथम अतिउत्तम पुरस्कार प्रदान किया

रीवा

**राजभवन भोपाल में आयोजित रेडक्रॉस की राज्य स्तरीय बैठक में राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसाइटी मध्यप्रदेश श्री मंगुभाई पटेल द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रीवा को समस्त गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य हेतु स्पेशल अवॉर्ड फॉर ओवरऑल परफॉर्मेंस प्रदान किया गया।**

रेडक्रॉस रीवा के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव,डॉ श्रीराम चतुर्वेदी द्वारा यह पुरस्कार ट्रॉफी राज्यपाल महोदय के करकमल से प्राप्त की गई।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रीवा शाखा को उनके द्वारा संचालित समस्त प्रकल्पों के सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रीवा जिले में गरीब एवं कमजोर जनों को अपना मानकर सेवा कार्य किया है इसी प्रकार अन्य जिलों को भी प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में रीवा रेडक्रॉस की तरह सेवा कार्य संपादित किये जाने चाहिए।

रीवा रेडक्रास इकाई को प्राप्त इस सम्मान एवं पुरस्कार पर माननीय उप मुख्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके साथ ही रीवा जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीम रेडक्रास रीवा एवं मैनेजिंग कमेटी के कार्यों की सराहना की। मध्यप्रदेश राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ गगन कोल्हे, महासचिव श्री रामेंद्र सिंह,वाइस चेयरमैन भारत झवर, कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव ने भी मध्य प्रदेश रेडक्रॉस की ओर से रीवा रेडक्रास को बधाई दी गई।

## स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य की आधारशिलाः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

रीवा

**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वच्छ पेयजल अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। इससे जल जनित बीमारियों पर नियंत्रण होता है, साथ ही अस्पतालों पर भी दबाव कम होता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की।**

उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। ऐसे क्षेत्र जहाँ कार्य पूर्ण हो चुका है, वहाँ मॉनिटरिंग करके, प्रत्येक घर में उचित मात्रा और गुणवत्ता पूर्ण जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा एवं मऊगंज ज़िले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि, एमडी जल निगम श्री केवीएस चौधरी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कंदेला सामुदायिक योजना के अंतर्गत ग्राम सगरा, इटौरा, भाटी, पुरैना, टिकुरी, अजगरहा, नवागांव, लक्ष्मणपुर लौवा, कपुरी, सनौरा, कुशहा आदि में गांवों की जलापूर्ति की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत 32 एकल नल-जल योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने टमस सामुदायिक योजना में 20 जल टंकियों का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## निरोगी काया अभियान चलेगा 31 मार्च तक

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा रीवा जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी की जाँच निःशुल्क की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान में उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य जाँच की सुविधा रहेगी। जाँच के दौरान चिन्हित बीमारियों से पीड़ित पाए जाने पर रोगियों की जानकारी एनसीडी पोर्टल पर दर्ज कर उनका पंजीयन किया जाएगा।

## बिजली विभाग में मनाया गया लाइनमैन दिवस - लाइनमैनों को किया सम्मानित

रीवा

**पावर हाउस कैम्पस अमहिया रीवा स्थित श्रम कल्याण केन्द्र में लाइनमैन दिवस मनाया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइनमैनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।**



लाइनमैन सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता बृजेश कुमार शुक्ला ने प्रबंधक संचालक पूर्व क्षेत्र श्री अनय द्विवेदी के लाइनमैन दिवस संदेश वाचन किया। संदेश में लाइनमैन दिवस पर उन्हे शुभकामना के साथ प्रमुखता यह थी कि ''बिजली क्षेत्र किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है जो देश की विकास यात्रा का सक्षम बनाता है और इस एकीकृत और परस्पर जुडी प्रणाली को विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के माध्यम से चालू रखने वाली शक्ति ''लाइनमैन'' है। उनकी निःस्वार्थ सेवा के प्रति कृतज्ञता और स्वीकृति के संदेश के रूप में ''लाइनमैन दिवस'' मनाने की परम्परा पूर्व क्षेत्र कम्पनी में गत वर्ष 4 मार्च को प्रारम्भ की गई थी। लाइनमैन दिवस उन अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियो के प्रति सम्मान और मान्यता का दिन है। वह यह सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करते है कि बिजली बिना किसी व्यवधान के हर घर, स्कूल, अस्पताल और उद्योग तक पहुचे।

## राशन कार्डधारियों की ई केवाईसी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करें

रीवा

**कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की।**



संचालक खाद्य ने कहा कि उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी परिवारों का 31 मार्च तक ई केवाईसी अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसी समय सीमा में डुप्लीकेट परिवारों, एक सदस्यीय परिवारों, दो सदस्यीय परिवारों तथा सात से अधिक सदस्य संख्या वाले परिवारों का घर-घर जाकर शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। ईकेवाईसी और सत्यापन का कार्य युद्ध स्तर पर करें। सभी कलेक्टर प्रतिदिन इसकी समीक्षा करके शत-प्रतिशत राशन कार्डधारियों का ईकेवाईसी सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी जिला आपूर्ति अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लगातार प्रयास करें। उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण करें। जो दुकानें माह में 10 दिन से कम खुली हैं उनके सेल्समैन को पद से पृथक करने की कार्यवाही करें। उचित मूल्य दुकान का माह में कम से कम 20 दिन खुलना सुनिश्चित करें। उचित मूल्य दुकानों के खुलने के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे।

आयुक्त ने कहा कि आवंटित खाद्यान्न के उठाव और वितरण में कई कमियाँ हैं। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा प्रदान खाद्यान्न ट्रकों के माध्यम से उचित मूल्य दुकान में पहुंचने पर उसकी ऑनलाइन पावती अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। पावती प्राप्त न होने को गंभीर अनियमितता मानते हुए कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर तथा जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न के उठाव और वितरण की ऑनलाइन निगरानी करें। संभाग के सभी जिलों में राशन कार्डधारियों के सत्यापन की गति बढ़ाएं। डुप्लीकेट परिवारों तथा ई श्रम पोर्टल के माध्यम से दर्ज मजदूर परिवारों का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत सत्यापन करके ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी एक सप्ताह में सभी उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करके ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान 12 मार्च तक

रीवा

**आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। रीवा जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वर्तमान में 77033 व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शेष हैं।**

इनका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले भर में 5 मार्च से 12 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शेष बचे पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाए जाएंगे। अभियान की अवधि में ग्राम रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सीएचओ ग्राम पंचायत भवन में बैठकर पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएंगे। शेष व्यक्ति यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत भवन आने में असमर्थ हैं तो घर-घर जाकर उनके कार्ड बनाएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा बीएमओ मिलकर अभियान के दौरान शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

**स्पेशल खबर** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# भाई चारे एवं सद्‌भाव के साथ मिल जुलकर मनाएं त्यौहार

सिंगरौली

**आगामी होली,भाई दूज, ईद उल फितर , रामनवमी एवं महावार जयंती त्योहारों को शांति एवं सदभाव पूर्ण महौल में मनाए जाने को लेकर कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक मनीश खत्री के गरिमामय उपस्थति में जिला स्तरीय शांति सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।**

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर के द्वारा समिति के उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुयें कहा कि आने वाले त्यौहारों को गत वर्ष के भाति इस बार भी हम सब मिलकर आने वाले त्योहारो को मनाएं उन्होंने का पूर्व से हमारे जिलें सभी त्योहारों को साथ मिलजुलकर मनाने की परम्परा रही है। इस परम्परा को हमें कायम रखना है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि होलिका दहन हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुयें संवेदनशील स्थलो को चिन्हित किया जाये। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी चिन्हित स्थलो पर लगातार निगरानी बनाए रखे। उन्होंने निर्देश दिए थाना प्रभारी अपने स्तर से शांति समिति की बैठक आयोजित कर त्योहारों का शांति पर्ण आयोजन सुनिश्चित करायें।

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि होलिका दहन हेतु चिन्हित स्थलो पर्याप्त पानी एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें। साथ ही निर्देश दिए कि होली पर्व पर नगरीय क्षेत्रों में जल आपूर्ति दिन में दो बार कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री विद्युत शहरी एवं ग्रामीण को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर नियमित विद्युत प्रवाह व्यवस्था करते हुयें सतत निगरानी हेतु विशेष दल गठित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि होली त्योहार के आयोजन के दौरान शराब पीकर लोग रोड पर निकालते है एवं तेज गति से बाईक चलाते है तेज गति के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है एवं अन्य लोगो को भी असुविधा होती है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान ऐसे व्यक्ति को चिन्हित कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जायें।



कलेक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकता अनुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस से चर्चा कर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाना भी सुनिश्चित करें। वही बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली त्योहार के दौरान कुछ लोगो जबरजस्ती रंग डालने के कारण महौल खराब होनी की संभावना बनी रहती इस तहर का कृत्य करने वालो के विरुद्ध अपने संबंधित थाने में जानकारी दे ताकि समय पर इनके विरूद्ध कार्यवाही किया जा सके। साथ सोसल मीडिया में प्रसारित होने वाले संदेशो की भी निगरानी रखी है महौल खराब करने वाले संदेशो का प्रसार करने वाले को जानकारी से तत्काल अवगत कराये ताकि समय पर ऐसे व्यक्तियो के विरूद्ध कार्यवाही किया जा सके। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों के द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को अश्वस्त किया गया कि पुरानी परम्पराओं को अनुसार ही सिंगरौली जिलें मिल-जुलकर त्योहार मनाने की परम्परा को कायम रखते हुयें त्योहारो को मनाया जायेगा। साथ ही असामाजिक तत्वों के संबंध में अगर किसी भी प्रकार की जानकारी मिलती है तत्काल पुलिस को अवगत कराया जायेगा।